## एक नजर में

### बारोलिया मप्र अजाक्स के संभाग अध्यक्ष (साहित्य प्रकोष्ठ) पर नियुक्त होने पर संभाग-जिले में हर्ष



**देवास।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति - अनुसूचित जनजाति , अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) के प्रांतीय महासचिव जी.एल. गवाटिया संयुक्त संचालक तकनीकी शिक्षा विभाग म.प्र. शासन भोपाल,की अनुशंसा एवं कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष विशेष गड़पाले (आईएएस) प्रमुख सचिव ऊर्जा विभाग म.प्र.शासन भोपाल की सहमति से अजाक्स संभाग अध्यक्ष अम्बाराम बोस ने प्रभावी वक्ता,समाजसेवी, मिलनसार,कर्मठ,संतोष बारोलिया को मध्यप्रदेश अजाक्स संघ में उज्जैन संभाग अध्यक्ष (साहित्य प्रकोष्ठ)पद पर नियुक्त किए जाने पर संभाग उज्जैन के समस्त अधिकारी - कर्मचारीयों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों अजाक्स संभागीय उपाध्यक्ष उज्जैन कविता डामोर, संभागीय अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) सोनल कामड़े, संभागीय महासचिवद्वय उषा रावत,आर. आर. हरियाले, संभागीय प्रवक्ता शिवचरण अंगोरिया,सत्यनारायण निनामा,प्रेमनारायण भिलाला,अजाक्स देवास जिलाध्यक्ष नंदलाल हरियाले, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष महेंद्र कुमार परते,आगर मालवा जिलाध्यक्ष कैलाश सूर्यवंशी, शाजापुर जिलाध्यक्ष बद्रीलाल गवाटिया,शोभाराम कर्मा,नहार सिंह असके,मोहन बारवाल बलवंत सिंह बामनिया,संतोष कुमार हरियाले,जगदीश बामनिया महेश राठौर,सूरजलाल डांडे,जितेंद्र लोबानिया,ताराचंद सिसोदिया,नरेंद्र जाटव, रामेश्वर कलम रमेश मेहरा,लोकेंद्र कलम, बनेसिंह भोसले,हरीश मालवीय सुखदेव रावत,अनीता इक्का,ज्योति बैक, सुरजी कुमरे, चिंता हरियाले ,ममता हरियाले,सीताराम रलोती ध्यानसिंह मुजाल्दे,तेलम सिंह मोरे,शिवकुमार हरियाले ,राजेश बगाना प्रहलाद बगाना, महेंद्र खेलवाल सहित पदाधिकारीयों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हार्दिक- हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

### भौरासा-फंदा टोल प्लाजा पर स्थापित किए गए अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक रोड सेफ्टी संदेश बोर्ड






**भौंरासा।** प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा सुरक्षित यातायात संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से देवास-भोपाल कॉरिडोर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एक सराहनीय एवं जनहितकारी पहल की गई है। परियोजना संचालक अजय मिश्रा के मार्गदर्शन में भौरासा एवं फंदा टोल प्लाजा पर अत्याधुनिक वेरिएबल मैसेज डिस्प्ले स्थापित किए गए हैं, जिनके माध्यम से वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा, सुरक्षित वाहन संचालन तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण संदेश चौबीसों घंटे प्रसारित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में स्थानीय पुलिस के सहयोग से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान भी संचालित किया गया, जिसके अंतर्गत वाहन चालकों को पम्पलेट वितरित कर हेलमेट एवं सीट बेल्ट के नियमित उपयोग, सुरक्षित ड्राइविंग तथा यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। सरकारी सड़क दुर्घटना आँकड़ों के अनुसार प्रदेश में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं एवं उनसे होने वाली मृत्यु के मामलों में लगभग 60 प्रतिशत पीड़ित दोपहिया वाहन चालक अथवा सवार होते हैं, जबकि इनमें बड़ी संख्या 16 से 30 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की होती है। ऐसे में हेलमेट का नियमित उपयोग एवं यातायात नियमों का पालन अनेक बहुमूल्य जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। डीबीसीपीएल प्रबंधन ने बताया कि वेरिएबल मैसेज डिस्प्ले प्रणाली की स्थापना का उद्देश्य केवल सड़क उपयोगकर्ताओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित कर दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा जिम्मेदार एवं सुरक्षित यातायात संस्कृति को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ डीबीसीपीएल के वाहन ऑडिट प्रभारी राजेन्द्र मेवाड़ा, आईटी प्रभारी दीपक मेनारिया, इलेक्ट्रिकल प्रभारी लखन कुमार महतो, योगेन्द्र मेवाड़ा, रूप सिंह सहित डीबीसीपीएल एवं वर्टिस फाउंडेशन की सीएसआर टीम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बागली में मोहर्रम पर्व सांप्रदायिक सौहार्द और वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान के साथ संपन्न



**बागली।** शोहदा- ए- कर्बला हज़रत इमाम हुसैन की शहादत का दस दिवसीय मोहर्रम पर्व यौमे आशूरा के साथ संपन्न हुआ। परंपरा अनुसार सभी ताजीयो को स्थानीय बाजार में जुलूस के साथ लाया गया तथा अखाड़ों का प्रदर्शन किया गया। अखाड़ा विसर्जन के पश्चात् उस्तादों और खलिफाओ का सम्मान किया गया तथा नूरी अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर फिरोज खान के नेतृत्व में मुस्लिम समाज द्वारा नगर के सम्मानित जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक, अभिभाषक, पत्रकार और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का सहयोग के लिए आत्मीय अभिनंदन किया गया। बाजार से राजमहल में रियासत कालिन परंपराओं के संपन्न करने के लिए ताजियों को अखाड़ों के साथ ले जाया गया। सभी नगर वासियों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। बागली स्थित रियासत कालीन राजमहल परिसर में राजपरिवार की ओर से नूरी अंजुमन इस्लामिया कमेटी व उस्तादों का सम्मान किया गया तथा सभी उपस्थित जनों को शरबत( छबील )वितरण किया गया। राजमहल से सभी ताजियो को विसर्जन के लिए जेल के सामने कालिसिंध नदी में परंपरागत कर्बला स्थल पर ले जाया गया। सदर श्री खान ने निर्विघ्न दस दिवसीय मोहर्रम पर्व संपन्न होने पर शासन प्रशासन एवं समाज जनों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि बागली में सभी पर्व तनाव मुक्त सोहाद्र के साथ मनाए जाने की परंपरा पूरे क्षेत्र में मिसाल है।

# रिमझिम बरसात में भी नहीं रुका लश्कर नबी का

- सतवास में रंजो गम के त्योहार मोहर्रम पर्व पर ताजियों का रहा साथ
- हिन्दू मराठा परिवार द्वारा निर्मित हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक हाथी रहा आकर्षक का केंद्र
- रिमझिम बरसात में भी चलता रहा लश्कर नबी का
- डीजे पर चला रे चला देखो लश्कर नबी का और शहादत के गीत बजते रहे



**सतवास।** में शहादत के इस रंजो ग़म के त्यौहार मोहर्रम जो कि इमाम हुसैन की याद में मनाया जाता हैं, यहां मेहंदी की रात से क़त्ल की रात को ताजिये निकाले गए एवं मोहर्रम की दस तारीख को सतवास मे विशाल मातमी जुलूस निकाला गया जिसमें मियां जी परिवार द्वारा होलकर ईस्टेट के जमाने से कई पीढ़ियों से है बनाया जाने वाले सरकारी ताज़िया जिसे कचहरी का ताज़िया कहा जाता हैं सहित 25 छोटे बड़े ताज़िये शामिल थे , जिन्हें रिमझिम बरसात की वजह से पन्नी से ढकना पड़ा.

**जिन लोगों की मन्नत रहती हैं वो इसका निर्माण करवाते हैं**

मोहर्रम की एक तारीख से लेकर दस तारीख तक हाथी खाना चोक किले के अंदर पूरे मोहल्ले को सजाया सवारा गया था नगर परिषद अध्यक्ष प्रति निधि सतनाम सिंघ बग्गा सी एम ओ सतीश घावरी ने त्यौहार में दस दिनों तक सफाई बिज़ली पानी की की व्यवस्था को बनाए रखा .पर्व शांति पूर्वक संपन्न होने पर पूर्व अध्यक्ष प्रति निधि वहीद खान सदर, पूर्व अध्यक्ष इमरत खान, पूर्व मकसूद खान पापा, कंवर खान,सलाम भाटी, रमजान खान, सफ़दर बाबा, अफजल खान,भूरा भाई, सदर नौसाद भाई, अज़ीज़ भाई आदि ने आभार व्यक्त किया.

# इनर व्हील क्लब में पदाधिकारियों को दिलाई शपथ, कॉलर पहनाई




**देवास।** इनर व्हील क्लब देवास में 26 जून को गरिमामय पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेमनाथ तिवारी रहे। कीर्ति तेलंग को क्लब का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

उन्हें पूर्व अध्यक्ष मोनिका जैन द्वारा पिन एवं कॉलर पहनाकर विधिवत पदभार ग्रहण करवाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई, जो नीला तिवारी मैडम, मूंदड़ा मैडम एवं क्लब के अन्य सदस्यों द्वारा किया गया। इसके पश्चात सरस्वती वंदना उषा जोशी मैडम द्वारा प्रस्तुत की गई। नवगठित कार्यकारिणी में कीर्ति तेलंग अध्यक्ष, सुनीता जैन सचिव, श्वेता निगम कोषाध्यक्ष, हंसा जोशी आईएसओ, प्रीति यादव एडिटर, निशा राठौर उपाध्यक्ष एवं शकुंतला मानवीय सह सचिव के रूप में शामिल हैं। सभी पदाधिकारियों को पिन पहनाकर शपथ दिलाई गई।

## बारिश शुरू नहीं हुई और वामनी खुर्द रोड की पुलिया बह गई, बड़े हादसे की आशंका



**कन्नौद।** कन्नौद जनपद पंचायत और विकासखण्ड के वामनी खुर्द मार्ग पर स्थित एक पुलिया पानी में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

इस मार्ग पर जिला प्रशासन शीघ्र संज्ञान लेकर यातायात प्रतिबंधित कर क्षतिग्रस्त पुलिया को सुधारने के निर्देश अधिनस्थ अधिकारियों को देना चाहिए। ऐसे ही हाल ही कन्नौद जनपद अंतर्गत ग्राम कोथमीर मार्ग पर दो दिन पहले ही कन्नौद के दो युवकों की पानी के बहाव के चलते रपटे पर तेज पानी के बहाव के कारण दर्दनाक मौत हो गई है।

# डाक विभाग ने शुरू की विशेष दुर्घटना बीमा योजना

**देवास।** महंगे प्रीमियम पर बीमा करवाने में असमर्थ लोगों को ध्यान में रखते हुए डाक विभाग के इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) ने एक विशेष दुर्घटना बीमा योजना शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत बहुत ही कम प्रीमियम पर अधिक बीमा कवर प्रदान किया जाएगा।

योजना के तहत 350 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर 5 लाख रुपये, 550 रुपये पर 10 लाख रुपये और 749 रुपये पर 15 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा उपलब्ध होगा। यह बीमा एक वर्ष की अवधि के लिए होगा और प्रत्येक वर्ष इसका नवीनीकरण आवश्यक रहेगा। इस बीमा योजना में दुर्घटना से मृत्यु या स्थायी/आंशिक विकलांगता की स्थिति में बीमा कवर प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा दुर्घटना के कारण अस्पताल में भर्ती होने पर इलाज हेतु एक लाख रुपये तक का खर्च, दो बच्चों की पढ़ाई के लिए एक लाख रुपये तक की सहायता, अस्पताल में भर्ती रहने पर अधिकतम 15 दिनों तक प्रतिदिन पांच सौ रुपये का भत्ता, मृत्यु की स्थिति में अंतिम संस्कार हेतु पांच हजार रुपये की राशि तथा डॉक्टर से पोषण और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श की सुविधा भी शामिल है।

> बीमा का लाभ 18 से 65 वर्ष आयु वर्ग के लोग उठा सकते हैं। इसके लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक खाता अनिवार्य है। प्रीमियम खाता मात्र 200 रुपये में आधार और मोबाइल नंबर के आधार पर बायोमेट्रिक सत्यापन द्वारा तुरंत खोला जा सकता है। खाता धारकों को शून्य बैलेंस बैंकिंग, कैशबैक लाभ, स्वास्थ्य सेवाओं पर छूट, असीमित डॉक्टर परामर्श और घर बैठे प्च्च्ठ ऐप के माध्यम से सुकन्या, पीपीएफ, आरडी और पीएलआई जैसी योजनाओं का ऑनलाइन भुगतान जैसी सुविधाएँ भी मिलेंगी। इंदौर परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल गौरव श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि इस योजना के प्रति अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 29 जून से 01जुलाई 2026 तक देवास, धार, इंदौर, झाबुआ, अलीराजपुर, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, मंदसौर, नीमच, राजगढ़, रतलाम, सीहोर, शाजापुर, आगर मालवा और उज्जैन जिलों में विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस योजना का लाभ लेने के लिए अपने नजदीकी डाकघर या स्थानीय डाकिया से संपर्क करें।

# पर्याप्त बारिश होने के चलते बोवनी में जुट गए किसान



**बागली।** मानसून की दस्तक जून महीने के अंतिम सप्ताह में आने से क्षेत्र से जुड़े किसान इस वर्ष 10 से 12 दिन पीछे रह गए हैं। वर्तमान में पर्याप्त नमी होने के चलते अधिकतर किसानों ने अपने खेत जो पहले से ही हकाई करके सुरक्षित कर लिए थे उनमें बोना शुरू कर दिया है। अधिकतर किसान ट्रैक्टर से बोवनी करवा रहे हैं।

किसान केदार पाटीदार ने बताया की मौसम कभी भी परिवर्तित हो सकता है। इसलिए जितना जल्दी हो सके उतनी जल्दी खेत बोकर निपट जाये इस वर्ष विगत 10 वर्ष की तुलना में सबसे अधिक महंगा सोयाबीन बीज है 9000 से 10000 के बीच में बीजु सोयाबीन लेना पड़ रही है। जिनके पास काम कृषि भूमि है वह किसान विशेष कर पट्टा धारक किसान मक्का एवं मूंगफली तथा लाल तुवर चुपाई पद्धति से लग रहे हैं। किसानों का मानना है कि इतना महंगा बीज खरीदा है। तो शासन को भी सोयाबीन खरीदी समर्थन मूल्य अधिक करना चाहिए विगत तीन-चार दिनों में 2 इंच से 3 इंच के बीच बारिश हो गई और खेत भी बोले लायक होने से हर किसान सक्रिय होकर खेतों की ओर जाते दिखाई दे रहे हैं ट्रैक्टरों का किराया भी प्रति घंटे के हिसाब से विगत वर्ष से100 अधिक हो चुका है। 80त्न किसान जल्दी तैयार होकर पकाने वाली सोयाबीन फसल पर दाव लगा रहे हैं बाकी 20त्न स्वयं के द्वारा उपचारित किया गया बीज उपयोग कर रहे हैं। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अशोक कुमार दीक्षित ने बताया कि यदि भूमि समतल हो तो रिच्छ बेड पद्धति से सोयाबीन लगे इससे बीज कम लगेगा और लागत भी कम लगेगी तथा उत्पादन अधिक होगा इसके लिए प्रशिक्षित किसानों से संपर्क करते हुए ही इस फसल को लगाये वरिष्ठ किसान नाथू सेठ बेहरी वाले ने बताया कि अभी भी अधिकतर किसान प्रति बीघा 30 से 35 किलो सोयाबीन बीज लगाते हे। उनका मानना है कि कम बीज लगाने पर सोयाबीन पौधे दूर-दूर हो जाते हैं ।और जमीन खाली रह जाती है। किसान संघ अध्यक्ष गोवर्धन पाटीदार ने बताया कि कृषि वैज्ञानिक टीम को एवं कृषि विभाग सदस्यों को समय-समय पर किसानों को प्रशिक्षित करना अनिवार्य हो गया है।

## चित्रकार अफजल के चित्रों की प्रदर्शनी दिल्ली में





वरिष्ठ लेखक व चित्रकार अशोक वाजपेई होंगे।

**देवास।** चित्रकार अफजल (अफजल पठान)( 1936-2000) भारत के अमूर्त ( इिजतंबज)कला जगत में देवास के एक प्रतिष्ठित और दिग्गज कलाकार थे के चित्रों की प्रदर्शनी त्रिवेणी कला संगम की श्रीधा रानी आर्ट गैलरी में अयोजित की जा रही है। यह आयोजन अखिलेश वर्मा चित्रकार भोपाल के द्वारा चयनित चित्रों व प्रयासों से सफलता की और बढ़ रहा है। इस आयोजन के मुख्य अतिथि वरिष्ठ लेखक व चित्रकार अशोक वाजपेई होंगे। आयोजन रज़ा फाउंडेशन एवं श्रीधा रानी आर्ट गैलरी त्रिवेणी कला संगम तानसेन मार्ग नई दिल्ली के सहयोग से किया जा रहा है उद्घाटन 30जून समय शाम 6 30बजे ।

# भौंरासा नगर की बेटी-बहू बनी देवास एडवोकेट बार एसोसिएशन काउंसलिंग की उपाध्यक्ष




**भौंरासा।** देवास अभिभाषक संघ के चुनाव गुरुवार को जिला न्यायालय परिषद स्थित मध्यस्थता केंद्र में हुए, सुबह 10.30 बजे से लेकर 5 बजे तक हुए मतदान के बाद शाम 6 बजे से शुरू हुई मतगणना जो रात 12 बजे बात तक चलती रही सात पदों के लिए हुए चुनाव में अध्यक्ष उपाध्यक्ष पद का परिणाम सबसे अंत में घोषित हुआ। इसमें भौंरासा नगर के स्व. शरदचंद चौधरी की बेटी एवं स्वर्गीय मदन मोहन पुराणिक की बहू जयंती कौशल पुराणिक को देवास एडवोकेट बार एसोसिएशन काउंसिल के चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुईं।

नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव,नगर कांग्रेस अध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, नगजीराम यादव, रमेश चंद ईनानी, पार्षद छोटू लाल लोधी, रोहित जायसवाल, मनीष यादव, सचिन यादव, धर्मेंद्र ठाकुर, सुरेश मालवीय, संदीप चावड़ा, विनोद डोडिया, अबरार गांधी, गुलरेज मदनी, भादर सिंह भाटिया, अफजल मंसूरी,सातिल कुमावत, उदुम्बर ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राजेश जोशी, श्री कृष्णा चौधरी, श्री राम कृष्ण चौधरी, राजेंद्र चौधरी, वीरेंद्र कुमार चौधरी, ओमप्रकाश चौधरी, तपन चौधरी, संतोष चौधरी, अमित चौधरी, समीर चौधरी, पत्रकार मनोज जोशी, पत्रकार अभय नागर, पत्रकार मनोज शुक्ला, संतोष नामदेव, प्रदीप बजाज, जयप्रकाश चौधरी, अरविंद चौधरी, सहित आदि नगर के लोगों ने इन्हें बधाई दी है।

## भजन गायिका माया मालवीय की कबीर प्रकट उत्सव के उपलक्ष में खिलचीपुर में होगी प्रस्तुति

**देवास ।** अंतर्राष्ट्रीय संत सदगुरु कबीर साहब की 628,वीं जयंती के उपलक्ष में राजगढ़ जिले के खिलचीपुर नगर में मालवा क्षेत्र की भजन गायिका माया मालवीय अपने दल के साथ होनें वाले कबीर प्रगटोत्सव 29 जून 2026 को रात्री में होने वाली कबीर भजन संध्या, आयोजन में प्रस्तुति देंगी। इस शुभ अवसर पर महंत महेश दास जी साहेब द्वारा चौका आरती एवं सत्संग का सुमिरन किया जाएगा। कार्यक्रम में भजन गायिका ममता मालवीय का भी गायन होगा। कबीर भजन संध्या आयोजन समिति के पदाधिकारी और कबीर साहब के अनुयाइयों ने होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भक्तजनों श्रद्धालुओं से सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

# माहेश्वरी समाज की जिला सभा के चुनाव आज

**कांटाफोड़ ।** माहेश्वरी समाज जिला महासभा के बहुप्रतीक्षित चुनाव रविवार को कांटाफोड़ में आयोजित होंगे। चुनाव को लेकर समाजजनों में उत्साह का माहौल है। जिलेभर से बड़ी संख्या में समाजजन लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए कांटाफोड़ पहुंचेंगे। समाज के संगठन को नई दिशा देने वाले इस महत्वपूर्ण निर्वाचन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश होलानी ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने समाज के सभी मतदाताओं से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं लोकतांत्रिक परंपरा को मजबूत बनाने की अपील की। निर्वाचन प्रक्रिया के लिए रूपेश भूतड़ा (इंदौर) को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं मुख्य चुनाव अधिकारी मुरलीधर डागा (देवास) एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी बालकृष्ण काबरा ( देवास ) की देखरेख में चुनाव संपन्न होगा। चुनाव में जिला अध्यक्ष, मंत्री, 2 उपाध्यक्ष, 2 सहमंत्री, संगठन मंत्री, कोषाध्यक्ष, प्रचार मंत्री, प्रदेश कार्यक्रम मंडल के 8 सदस्य, प्रदेश कार्यसमिति के 1 सदस्य तथा अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के 2 सदस्यों का निर्वाचन किया जाएगा समाज के वरिष्ठजनों का मानना है कि मजबूत नेतृत्व से संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा गतिविधियों को नई गति मिलेगी। चुनाव को लेकर कांटाफोड़ में उत्साह का वातावरण है और समाजजनों को विश्वास है कि निर्वाचन शांतिपूर्ण, गरिमामय एवं लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप संपन्न होगा।

## लोहारदा में परंपरागत श्रद्धा के साथ मनाया मोहर्रम, ताजियों का जुलूस कर्बला पहुंचा



**लोहारदा।** नगर में मोहर्रम पर्व परंपरागत श्रद्धा एवं धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। परंपरा के अनुसार 26 जून को विभिन्न मोहल्लों से ताजिए इमामबाड़े में लाकर रखे गए, जहां बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने पहुंचकर श्रद्धा अर्पित की। धार्मिक रस्मों के बाद ताजियों को संबंधित परिवार अपने-अपने घर ले गए। शाम को सभी ताजिए पुन: इमामबाड़े में एकत्रित किए गए, जहां उन्हें क्रमबद्ध तरीके से रखा गया। शनिवार 27 जून को दोपहर में इमामबाड़े के सामने अखाड़ों के उस्तादों एवं युवाओं ने पारंपरिक युद्धक कलाओं और हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया। दोपहर बाद सभी ताजिए एक साथ जुलूस के रूप में इमामबाड़े से रवाना हुए।

**एक नजर** — **काजी नोमान अहमद अशरफी ने फातिहा पढ़कर तबरूका तकसीम किया**

# कालूखेड़ी तालाब में ताजिए ठंडे कर मोहर्रम के 10 दिवसीय आयोजन का समापन



**देवास।** मोहर्रम की 10 तारीख 26 जून को सीनियर राजवाड़ा से रियासत कालीन सरकारी ताजिये पर काजी नोमान अहमद अशरफी ने फातिहा पढ़ कर तबर्रुक( प्रसाद) तकसीम किया। फिर देवास सीनियर राजबाड़ा से रियासतकालीन ताजिया के पीछे पीछे मुस्लिम पंचायत के सभी ताजिया बड़ा बाजार, शालिनी रोड़, तुकोगंज से नयापुरा पहुंचें। यहां मुकाम होने के बाद सभी ताजियों को देर रात मीठा तालाब ले जाया गया, मीठा तालाब से वाहन द्वारा सभी ताजियों को कालु खेड़ी तालाब पर ले जाया गया। देवास जुनियर मुस्लिम पंचायत के ताजीया सुभाष चौक पर रखे गए, नया पुरा से सभी पंचायतों के ताजिये एवं निजी ताजिये रात 12 बजे मीठा तालाब पहुंचे। देवास जुनियर सुभाष चौक से ताजिये परम्परागत जुलूस के रूप में रात 1 बजे के दरमियान तीन बत्ती चौराहा, जय प्रकाश मार्ग ,पीठा रोड से एबी रोड होते हुए गोया कर्बला मैदान पहुंचे, यहां तीन दिवसीय आयोजन में 27 जून को कव्वाली एवं 28 जून को लंगर भन्डारे का आयोजन एवं 28 जून की रात्रि गोया से सभी ताजीया को कालु खेड़ी तालाब ले जाकर ठंडा किए जाएंगे। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी कालू खेड़ी तालाब पर नगर निगम देवास द्वारा विशेष लाइट व्यवस्था ताजिया ठन्डा करने के लिए क्रेन वाहन व्यवस्था तथा होमगार्ड कार्यालय से विशेष तेराक दल एवं नाव की व्यवस्था की गई थी, तालाब पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल मौजूद दिखाई दिए। देर रात तक कालूखेड़ी तालाब पर जिला अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) अभिषेक शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल दल-बल के साथ मौजूद रहे।